दैनिक
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 272 | इंदौर, बुधवार 12 अप्रैल, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

- Bathinda: बठिंडा मिलिट्री स्टेशन में फायरिंग, आर्मी की वर्दी पहन कैंट में घुसे चार लोगों को जवानों ने किया ढेर
- Rajasthan Politics: सचिन पायलट पहुंचे दिल्ली, कांग्रेस हाईकमान खफा, PC में लगाए आरोपों और अनशन पर नाराजगी
- Earthquake: जम्मू-कश्मीर में आए भूकंप के झटके, रिक्टर स्केल पर 4.0 रही तीव्रता
- Lucky Ali: 'ब्राह्मण' पर विवादित बयान देकर बुरे फंसे लकी अली, पोस्ट कर मांगनी पड़ी माफी
- Myanmar: म्यांमार की सेना ने नागरिकों की भीड़ पर बरसाए बम, बच्चों समेत 100 से ज्यादा की मौत, यूएन ने की निंदा6

# दिग्विजय ने बीजेपी को बताया वॉशिंग मशीन

## पूर्व सीएम बोले- भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने पर सब काला धुल जाता है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बीना।** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भाजपा को वॉशिंग मशीन बताया है। उन्होंने कहा- भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने पर सब काला धुल जाता है। इसमें काला डालो तो सफेद निकलता है। पूर्व मुख्यमंत्री मंगलवार को सागर जिले के बीना-खुरई दौरे पर हैं। दिग्विजय सिंह ने बीना में रेस्ट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस ली। उन्होंने बीना विधायक राय के बेटे पर 70 लाख स्टांप चोरी का आरोप लगाया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक ने करोड़ों की संपति एकत्रित कर ली है। देश में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। महंगाई बढ़ रही है। अमीर और गरीब के बीच खाई बढ़ रही है।

### बेरोजगारी के आगे धर्म ले आते हैं...

दिग्विजय सिंह ने पेट्रोल-डीजल, गैस सिलेंडर, खाद के बढ़ते दाम पर कहा कि जब भी बेरोजगारी की बात करते हैं, तो यह धर्म को सामने ले आते हैं, लेकिन धर्म आस्था का प्रश्न है। महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल ने कहा था कि यह देश सबका है। इसमें आजादी दिलाने में सभी का सहयोग रहा है। इसके लिए संविधान भी लागू है। उन्होंने कहा जिस तरीके से देश में महंगाई बढ़ती जा रही है, उससे लोगों को परिवार चलाना भी मुश्किल हो गया है।

### 20 हजार करोड़ की बात की तो संसद से हटाया

राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द होने को लेकर दिग्विजय सिंह ने कहा कि राहुल जी ने अडानी की कंपनियों में लगी 20 हजार करोड़ की संपत्ति पर सवाल किया तो उनका भाषण ही विलोपित कर दिया। सरकार ने सदन की कार्यवाही नहीं होने दी। जब भी सदन शुरू होता तो इनके लोग चिल्लाने लगते कि राहुल जी ने विदेश में एक भाषण दिया। अगर मोदी जी विदेश में जाकर कहते हैं कि 70 साल में कुछ नहीं हुआ। हमें भारत में जन्म होने पर शर्म आती है, तो वे क्या खुदा हो गए। वह भी तो देश का अपमान करते थे।

### कार्यकर्ताओं पर भाजपा झूठे मामले दर्ज कर रही

दिग्विजय सिंह ने खुरई की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि खुरई में जो जनवरी माह में घटना हुई। उसमें भाजपा का एक कार्यकर्ता का विडियो सामने आया था। इसमें वह पुलिस को मारने दौड़ता हुआ दिख रहा है और मामले कांग्रेस में दर्ज किए जा रहे हैं। कांग्रेस कार्यकतार्ओं को जेल के अंदर भेज दिया जाता है। जमानत करवाने जाओ, तो एसडीएम अपने चेंबर से निकल जाते हैं। जमानत तक नहीं दी जाती। कांग्रेस कार्यकतार्ओं को मामलों में झूठा फंसाया जा रहा है।

### कुर्सी हमेशा किसी की नहीं रहती

दिग्विजय सिंह ने सागर जिले के तीनों मंत्रियों पर निशाना साधा। उन्होंने मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, मंत्री गोपाल भार्गव और मंत्री भूपेंद्र सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस दिन कुर्सी जाएगी तो क्या होगा। मंत्रियों की दादागिरी चल रही है और इन सब के ऊपर नरोत्तम मिश्रा बैठे हुए हैं। जरा भगवान से डरो। कुर्सी किसी की नहीं हुई है। उन्होंने कहा, खुरई विधानसभा से एक मजबूत चेहरा उतारेंगे और मंत्री भूपेंद्र सिंह को हराएंगे। आचार संहिता के बाद सब सामने देखने को मिलेगा।

### खुरई में भी कई कार्यक्रमों में होंगे शामिल

राज्य सभा सांसद दिग्विजय सिंह मंगलवार को खुरई भी पहुंचेंगे। वह सबसे पहले नगर के सरदार वल्लभभाई पटेल ऑडिटोरियम में दोपहर 3 बजे मंडल कांग्रेस कार्यकतार्ओं के साथ बैठक लेंगे। इसके बाद शाम 5 बजे समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता, नगरपालिका, जनपद, जिला पंचायत के चुने गए सदस्यों, सेवादल, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, किसान कांग्रेस, आईटी सेल, एनएसयूआई, सभी प्रकोष्ठ के सदस्यों एवं सभी वरिष्ठ, कनिष्ठ, पूर्व वर्तमान पदाधिकारी व कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद शाम 7:30 बजे खुरई से सुरखी के लिए रवाना होंगे।

# भाजपा ने कमलनाथ का वीडियो शेयर कर बताया अंबेडकर विरोधी

## कांग्रेस का जवाब- पुराने वीडियो के आधार पर झूठी अफवाहें न फैलाएं, हम कार्रवाई करेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** चुनावी साल में नेताओं के बीच वार-पलटवार के साथ ही सोशल वॉर भी तेज होता जा रहा है। 14 अप्रैल को संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर जयंती का आयोजन मप्र में लगभग सभी राजनैतिक दल करने जा रहे हैं। इस बीच बीजेपी प्रवक्ता आशीष अग्रवाल ने एक वीडियो ट्वीट कर कमलनाथ पर बाबा साहब का अपमान करने का आरोप लगा दिया।

आशीष अग्रवाल ने लिखा- बाबा साहब का इतना अपमान क्यों कमलनाथ जी? बाबा साहेब के चित्र को न स्वीकारते हुए, चलो निकलो कहकर भगाया समाज के लोगों को... यही है कांग्रेस का दलित विरोधी चेहरा, मांफी मांगिए कमलनाथ जी।

30 सेकंड के वीडियो में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के साथ कुछ लोग खडे दिख रहे हैं। इनमें से कमलनाथ के बगल में खड़ा एक व्यक्ति कहता है- जयराज सिंह इतने अध्यक्ष दिए आपने कि पूरे मप्र के अंदर हमको साथ लेकर काम कर रहे हैं। इसके बाद कमलनाथ के ठीक बगल में खड़ा व्यक्ति उनके हाथ में एक किताब देकर कहता है कि 16 तारीख को जो कार्यक्रम है, वो ऐतिहासिक होगा... थोडी सी इस पर (किताब) नजर डाल लीजिए।

इसके बाद कमलनाथ कहते हैं- मैं नजर डालूंगा इसे मेरे कागजों में रखो। इसी बीच पास खड़ा दूसरा व्यक्ति कमलनाथ को अंबेडकर की तस्वीर देने के लिए हाथ बढ़ाता है। कमलनाथ उसकी तरफ ध्यान न देकर सामने खड़े व्यक्ति से कहते हैं जयराज तुम यहां मत घूमो, चलो निकलो... फिर कुछ लोग और कहते हैं ये लोग शॉल लेकर इंदौर से आए हैं। इसके बाद कमलनाथ को शॉल ओढ़ाकर स्वागत करते हैं। कांग्रेस का जवाब- पुराने वीडियो के आधार पर झूठी अफवाहें न फैलाएं, हम कार्रवाई करेंगे।

## प्रत्येक वार्ड में लगातार 3 दिन तक होगी सफाई

● बैकलेन, नाली, फुटपाथ, लिटर बिन, बिजली के खंबे और ट्रॉंसफॉर्मर के आसपास की होगी सफाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। स्वच्छता सर्वेक्षण संभवतः अगले महीने होगा। इसकी तैयारी में नगर निगम जुट गया है। इसके लिए आज से प्रत्येक वार्ड में लगातार 3 दिन तक सफाई अभियान चलेगा। इस दौरान बैकलेन, नाली, फुटपाथ, लिटर बिन, बिजली के खंबे और ट्रॉंसफॉर्मर के आसपास सफाई की जाएगी। साथ ही घास कटाई का भी काम होगा। वार्ड में यह सफाई अभियान 30 अप्रैल तक चलेगा।

साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन और सौंदर्यीकरण को लेकर इंदौर देश में लगातार 6 बार से स्वच्छता सर्वेक्षण में नंबर वन आ रहा है। इस बार स्वच्छता का सत्ता लगाने की तैयारी है। इसके लिए सर्वेक्षण शुरू होने से पहले शहर को चकाचक करने और सारी व्यवस्था चाक-चौबंद करने में निगम जुट गया है। निगम स्वास्थ्य विभाग के अफसरों की मानें तो सर्वेक्षण संभवतः अगले महीने से शुरू हो सकता है। इसलिए आज से हर वार्ड में लगातार 3 दिन तक सफाई अभियान चलाया जाएगा।

बताया गया है की 30 अप्रैल तक यह अभियान चलेगा। इसके तहत वार्ड में अधिकतम संसाधन और सफाई कर्मचारी की व्यवस्था करके बैकलेन, नाली, फुटपाथ, लीटर बिन, बिजली के खंभे और ट्रांसफॉर्मर के आसपास की सफाई की जाएगी। रोड सफाई के साथ ही वार्ड में अनावश्यक पडा ग्रीन वेस्ट और कचरे के ढेर उठाने का काम भी किया जाएगा। समस्त स्वास्थ्य अधिकारी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक (सीएसआई) और सफाई दरोगा को निगमायुक्त हर्षिका सिंह ने निर्देशित किया है कि अभियान के दौरान किसी भी तरह की कोताही न बरती जाए। अभियान के दौरान लापरवाही न हो इसके लिए अपर आयुक्त सिद्धार्थ जैन और मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अखिलेश उपाध्याय को लागतार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं।

# दिल्ली के मोहल्ला क्लिनिक की तर्ज पर इंदौर में शुरु होगा संजीवनी क्लिनिक

### शहर के 85 में से 9 वार्डों में क्लिनिक का निर्माण शुरु हो चुका है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। दिल्ली में संचालित मोहल्ला क्लिनिक की तर्ज अब इंदौर में भी संजीवनी क्लिनिक की शुरुआत की जा रही है। प्रत्येक वार्ड में संजीवनी क्लिनीक के नाम से यह सेवा शुरु होगी। प्रारंभिक तौर पर निगम ने शहर के 85 में से 9 वार्डो में क्लिनिक के निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया है। शहर के लोगों को जल्द ही संजीवनी मिलेगी। 76 जगह के टेंडर जारी कर दिए हैं। समय रहते जगह चिह्नित न होने पर लंबे समय से संजीवनी क्लिनिक का काम चल रहा है जो कि अब मूर्त रूप लेने लगा है।**

शहर के 85 वार्डों में संजीवनी क्लिनिक खुलना है। इसकी जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम के पास है। क्लिनिक बनाने के लिए रहा है। पिछले कई महिनों से मशक्कत चल रही है। जगह यानी खाली जमीन चिह्नित करने में निगम लेट हो गया। जमीन चिह्नित करने की जिम्मेदारी निगम के 19 जोन पर तैनात जोनल अफसरों को दी गई थीए जिन्होंने इस काम में लेटलतीफी बरती। इस कारण निर्माण कार्य में देरी हो गई। शहर के 85 वार्डों में जगह का चयन होने के बाद निगम जनकार्य विभाग ने संजीवनी क्लिनिक निर्माण को लेकर टेंडर जारी करना शुरू किए। अभी शहर में 9 जगह क्लिनिक का निर्माण चल रहा है। अन्य 76 में से कई स्थान ऐसे हैं जिनको लेकर दो या फिर तीन बार टेंडर बुलाए गए हैं। कारण क्लिनिक बनाने के लिए ठेकेदार का नहीं मिलना बताया जा है।

### इन स्थानों पर संचालित हो रहे है क्लिनिक

जिन 9 जगहों पर संजीवनी क्लिनिक का निर्माण कार्य शुरू किया गया है उनमें स्कीम 51 पुलिस चौकी रोड, बाणगंगा पानी की टंकी के पास, डॉ. भीमराव आंबेडकर संगठन बजरंग नगर, देवेंद्र नगर केशरबाग ब्रिज के पास, भूरी टेकरी, तलावली चांदा पुराना पंचायत भवन और अरण्य नगर शामिल है। पालदा में पूर्व से निर्मित संजीवनी पॉली क्लिनिक को तोड़कर नया बनाया जा रहा हैं। निगम जनकार्य विभाग ने इन क्लिनिक का निर्माण पिछले वर्ष सितंबर से शुरू किया है। इसके चलते स्कीम 51 और बजरंग नगर में क्लिनिक लगभग बन गए हैं।

### इतना पैसा हो रहा है खर्च

अर्बन हेल्थ प्रोग्राम को मजबूती देने के लिए मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक खोले जा रहे हैं। एक क्लिनिक निर्माण पर तकरीबन 22 लाख 32 हजार 242 रुपए खर्च हो रहे हैं, क्योंकि शहरी स्वास्थ्य मंत्रालय ने 15 वें वित्त आयोग के माध्यम से एक क्लिनिक के लिए 25 लाख रुपए की राशि उपलब्ध कराई है। गौरतलब है कि शहर में 85 जगह यह क्लिनिक 25 हजार की आबादी और गरीब बस्तियों के बीच आकार ले रहे हैं।

### लोगों को मिलेगा लाभ

शहर के 85 वार्ड में गरीब बस्तियों और मोहल्लों के पास यह क्लीनिक बन रहे हैं। इससे आमजन को लाभ मिलेगा, क्योंकि इन क्लिनिक में एएनसी (गर्भावस्था पंजीयन व जांच), ईएनटी, शिशु रोग, टीकाकरण सहित करीब एक दर्जन प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। प्रत्येक क्लिनिक पर डॉक्टर, नर्स, लैब तकनीशियन, फार्मासिस्ट और चपरासी सहित लगभग पांच व्यक्तियों के स्टाफ की आवश्यकता होगी। यह स्टाफ या तो अनुबंध के आधार पर भर्ती किया जाएगा या स्वास्थ्य विभाग के मौजूदा कर्मचारियों से या मेडिकल कॉलेज से तैनात किया जाएगा।

## परशुराम जन्मोत्सव की शोभायात्रा में मातृशक्ति भी पूरी ताकत से निकलेगी सड़कों पर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर अक्षय तृतीया 22 अप्रैल को निकलने वाली भव्य शोभायात्रा के लिए अब ब्राह्मण समाज की मातृशक्ति ने भी कमर कस ली है। हंसदास मठ पर महानगर के विभिन्न महिला संगठनों की बैठक में सवार्नुमति से शोभायात्रा को सफल एवं सार्थक बनाने हेतु सड़कों पर आने का संकल्प लिया गया। बैठक में 220 महिलाओं ने अपने विचार एवं सुझाव रखे। शोभायात्रा की सह प्रभारी श्रेष्ठा जोशी ने संचालन किया। बैठक में निहारिका शर्मा, पूनम मिश्रा, वर्षा शर्मा, प्रमिला शर्मा, मोनिका दुबे, अनीता नामदेव, ममता शर्मा, मोनिका शर्मा ने सभी संगठनों की मातृशक्तियों का स्वागत किया। परशुराम महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पं. गोविंद शर्मा एवं प्रदेश प्रभारी पं. संजय मिश्रा ने महिला संगठनों की सक्रियता को सामाजिक क्रांति एवं एकता का सूचक बताते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

## सीईओ बोली कार्यविभाजन हमारा

**मप्र कांग्रेस ने मीडिया विभाग में किया बदलाव**

### 3 उपाध्यक्ष, 4 प्रवक्ता और 2 संभागीय प्रवक्ताओं की नियुक्ति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मध्य प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। कांग्रेस मीडिया टीम में बड़ा बदलाव हुआ है। मीडिया विभाग में तीन नए उपाध्यक्ष बनाए गए है। 3 प्रवक्ताओं को मीडिया विभाग का उपाध्यक्ष बनाया गया है।**

मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष अवनीश बुंदेला भोपाल के, संतोष सिंह परिहार इंदौर और आरपी सिंह ग्वालियर के बनाए गए हैं। चार नए प्रवक्ता भोपाल में शहरयार खान और प्रवीण धौलपुर, इंदौर में नीलाम शुक्ला और अमीनुल खान सूरी प्रवक्ता नियुक्त किए गए। दो संभाग प्रवक्ता अमित चौरसिया इंदौर और शिवम शुक्ला सिंगरौली के बनाए गए। दरअसल पीसीसी चीफ कमलनाथ के पास फाइनल लिस्ट पहुंची थी। बड़े नेताओं ने भी अपने समर्थकों के नाम जुड़वाने की भी लॉबिंग की है।

## मां गिरिजा निवास पर भजन संध्या

**इंदौर**। लोकोपकार सेवा वाटिका की चेयरपर्सन डॉ. अदिति सिंघल ने बताया कि ब्रह्मालीन श्रीमती सुनीता सिंघल की पुण्य स्मृति में पारसी मोहल्ला स्थित मां गिरिजा निवास पर भजन गायक विवेक मेहता ने अपने भावपूर्ण भजनों से श्रद्धा सुमन समर्पित किए। प्रारंभ में विनोद सिंघल, राघव सिंघल ने भजन गायक एवं संगीतज्ञों का स्वागत किया।

## आरा-मशीनों के लायसेंस अब 5 साल में होंगे नवीनीकरण

**इंदौर**। प्रदेश में स्थापित आरा-मशीनों के लिये 05 साल की अवधि में लायसेंस नवीनीकरण कराये जाने का प्रावधान कर दिया गया है। अभी तक 3 साल में नवीनीकरण कराया जाना अनिवार्य था। राज्य शासन के वन विभाग द्वारा मध्यप्रदेश काष्ठ चिरान (विनियमन) नियम-1984 में यह संशोधन किया गया है। लायसेंस नवीनीकरण के लिये 2500 रुपये आवेदन शुल्क निर्धारित है।

## संस्था युवा पैगाम ने प्रेस क्लब सभागृह में किया आयोजन

### शहर की बबार्दी का जिम्मेदार मैं विषय पर परिसंवाद आयोजित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। अरसे बाद इंदौर प्रेस क्लब में एक ऐसा परिसंवाद हुआ,जिसमे वक्ताओं ने बहुत ही जिंदादिली और बेबाकी के साथ अपने विचार रखें जिसमें साफगोई और निर्भीकता दोनो झलकी।संस्था युवा पैगाम ने शहर की बबार्दी का जिम्मेदार मैं विषय पर किया था। यह रोचक आयोजन। जिसमें वक्ताओं को वकील से लेकर आम नागरिक तक की भूमिका में थे।

वरिष्ठ एडवोकेट प्रमोद दिवेदी ने आम नागरिक की भूमिका में कहा की आज का नागरिक सबसे बड़ा कायर है जो आज किसी भी नेता,अधिकारी से यह सवाल नही करता है कि करोड़ों रुपए श्वान नसबंदी पर खर्च करने के बाद भी शहर में श्वानो की संख्या 64 हजार से बढ़कर एक लाख 55 हजार कैसे हो गई। मुख्य अतिथि कांग्रेस विधायक संजय शुक्ला ने कहा कि इस शहर को विकास के लिए करोड़ों रुपए मिल रहे है ,लेकिन उनका सही उपयोग होने के बजाय वे भ्रष्टाचार की भेट चढ़ रहे है। वरिष्ठ पत्रकार प्रतीक श्रीवास्तव ,वरिष्ठ पत्रकार सुबोध खंडेलवाल ,बीजेपी नेता सुमित मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### सामाजिक कार्यकर्ता किशोर कोडवानी ने बावड़ी हादसे का दिखवाया सच

# निगम के पास नही है 1400 कुओं एवं बावड़ियों का रिकार्ड

● 130 बगीचों पर बन चुकी है सार्वजनिक टंकिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शहर में 1400 से अधिक पारंपरिक जल स्त्रोतों की अधिकृत जानकारी आज निगम के पास नही है। शहर में करीब 1500 सार्वजनिक उद्यान थे आज 900 भी नही है।कई बगीचों पर टंकिया बन गई है। बावड़ियों पर धार्मिक स्थल ही नही, बहुमंजिला इमारत तक बन गई है।शहर में 6 वार्ड ऐसे है जहां 1 लाख से 2 लाख की आबादी रहती है। नियमानुसार 10 फीसदी हरियाली होना चाहिए,लेकिन आज 2 फीसदी में भी हरियाली नही है। शहर में विकास के विपरीत अनियोजित विकास हुआ है जिसमें नेता,अफसर सभी जिम्मेदार है।

यह बात सामाजिक कार्यकर्ता किशोर कोडवानी ने आज डेवलपमेंट फाउंडेशन में मंच पर प्रेस क्लब सभागृह में कही। वे पिछले दिनों पटेल नगर क्षेत्र में हुए बावड़ी हादसे के बाद हुई प्रशासन की नाकामिया बता रहे थे। कोडवानी ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से बताया कि बीते 5 वर्षो में शहर में कैसे कैसे हादसे हुए और उस पर प्रशासन कैसे नकारा सिद्ध हुआ।प्रशासन से पूर्व हादसे से कोई सबक नहीं लिया फिर चाहे सरवटे बस स्टैंड पर होटल का ढहना,छोटी ग्वाल टोली में सिवरेज की सफाई में निगमकर्मी की मौत ,रानीपुरा में फटाके की दुकान में अग्निकांड होना।

प्रशासन में बैठे लोग ही नियमों की अवहेलना कर रहे और आम नागरिकों से पालन की अपेक्षा करते है।प्रशासन की लापरवाही से श्रीराम नवमी पर बावड़ी में हादसा हुआ और रेस्क्यू ऑपरेशन में भी ढिलाई बरती गई ।क्षेत्रीय नागरिकों ने ही पहले रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। एनडीआरएफ और सेना तो बाद में आई। प्रशासन ने बावड़ी को बुर के साक्ष्य मिटा दिए।बेहतर होता कि घटना स्थल को तीन शेड से ढंक दिया जाता ताकि सही तरीके से जांच हो जाती।

कोडवानी ने कहा कि मैंने पूरी घटना का बारीकी से अध्ययन किया और वे सारे बिंदु नोट कर लिए और एक विस्तृत अध्ययन रिपोर्ट तैयार की। अब इस रिपोर्ट को प्रशासन की जांच समिति के सामने 12 अप्रैल की प्रस्तुत करेगे।कोडवानी ने कहा कि बावड़ी हादसे में 36 बेकसूरों की मौत के लिए किसी एक को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है।यह एक बड़ा मामला है और इसकी सही तरीके से जांच होना चाहिए।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रेस क्लब अध्यक्ष अरविंद तिवारी ने कहा कि भविष्य में किसी भी सार्वजनिक कुएं,बावड़ियों और बगीचों पर टंकियों से लेकर देवालयों का निर्माण नही होना चाहिए। सभी लोग मिलकर बची हुई बावड़ियों और कुओं को बचाएं क्योंकि ये हमारे पारंपरिक जलस्त्रोत है। विषय प्रवर्तन करते हुए मुकुंद कुलकर्णी ने कहा कि एक जागरूक शहर में इतना बड़ा हादसा निद्नीय है, जो दोषी है उनको सजा मिलना चाहिए।




सावधान! आप भी तो नहीं बन रहे

# फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स का शिकार

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों

## ऐसे चलता है ठगी का धंधा

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठ लेता था. फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स बनाकर कुंवारे युवकों को जाल में फंसाना और फिर लड़की का फोन नंबर उपलब्ध करवाना ये इस गिरोह का पहला कदम होता था. गिरोह में शामिल युवतियां इन कुंवारे लड़कों से पहले बातचीत करती और फिर



DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

विवाह के बंधन में बंधने से पहले एक बार तहकीकात ज़रूर करवाएँ

लीजिये डिटेक्टिव की मदद

+91-91110 50101

www.detectivegroup.in

# पोद्दार इंटरनेशनल स्कूल मैनेजमेंट पर एफआइआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। भोपाल में अयोध्या बायपास स्थित पोद्दार इंटरनेशनल स्कूल मैनेजमेंट के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। कलेक्टर के आदेश के बावजूद स्कूल मैनेजमेंट बच्चों को एक ही दुकान से किताबें और यूनिफॉर्म खरीदने का दबाव बना रहा था। साथ ही, किताबों और उसके पब्लिशर्स की सूची भी स्कूल के नोटिस बोर्ड पर नहीं लगाई गई थी। शिकायत मिलने पर जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूल का निरीक्षण किया और छोला थाने में केस दर्ज कराया।**

दरअसल कुछ पेरेंट्स की तरफ से स्कूल शिक्षा विभाग को शिकायत मिली थी कि पोद्दार इंटरनेशनल स्कूल मैनेजमेंट एक ही दुकान से यूनिफॉर्म और किताबें खरीदने का दबाव बना रहा है। ऐसा नहीं करने पर बच्चों को स्कूल में प्रवेश नहीं देने की धमकी दी जा रही है।

## निरीक्षण में मिली ये लापरवाही-

शिकायत मिलने पर मंगलवार को जिला शिक्षा अधिकारी नितिन सक्सेना टीम के साथ स्कूल का निरीक्षण करने पहुंचे। जांच में सामने आया कि शिक्षा सत्र प्रारंभ होने से पहले व वर्तमान में भी लेखक व प्रकाशक के नाम और मूल्य के साथ कक्षावार किताबों की सूची नोटिस बोर्ड पर नहीं लगाई गई थी। साथ ही बच्चों और पेरेंट्स के मांगने पर भी वह सूची उपलब्ध नहीं करवाई गई, ताकि पेरेंट्स उन बुक्स को सुविधा के अनुसार खुले बाजार से खरीद सकें।

प्राचार्य ने स्कूल में हर क्लास में लगने वाली बुक्स और पब्लिशर्स की जानकारी भी वेबसाइट पर नहीं लगाई। स्कूल की बुक्स व यूनिफॉर्म सिर्फ एक दुकान अरुणा सेल जेके रोड पर ही मिल रही है। अन्य कहीं से भी बुक्स व यूनिफॉर्म नहीं खरीदी जा सकतीं। इसके बाद डीईओ ने छोला थाने में शिकायत की। यहां स्कूल प्रशासन अंकित जैन के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

## मनमानी पर लगाम लगाने धारा-144 की बंदिश

कलेक्टर आशीष सिंह ने सोमवार को प्राइवेट स्कूल संचालकों, पब्लिशर्स और किताब विक्रेताओं के एकाधिकार को खत्म करने के लिए धारा144 के तहत आदेश जारी किए थे। अब प्राइवेट स्कूलों के संचालक स्टूडेंट्स या पेरेंट्स को निर्धारित दुकानों से ही यूनिफॉर्म, जूते, टाई, किताबें, कॉपियां आदि खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकेंगे। न ही किताबों के सेट खरीदने के लिए बाध्य किया जा सकेगा।

कलेक्टर ने आदेश जारी करते हुए तत्काल कार्रवाई करने के लिए कहा था। कलेक्टर ने ऐसे स्कूल मैनेजमेंट के खिलाफ कार्रवाई के लिए एसडीएम और डीईओ को निर्देश दिए थे। यदि किसी स्कूल या संस्थान के विरुद्ध शिकायत मिलती है, तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए भी कहा था।

# वीडियो बना रहे युवकों को मारने दौड़ीं युवतियां

● नशे में धुत लड़कियों ने पत्थर फेंके, गालियां दीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। ग्वालियर में आधी रात सड़क पर निकलीं तीन युवतियों से छेड़खानी के आरोप में दो युवकों पर केस हुआ है। आरोपी युवक उन युवतियों का वीडियो बना रहे थे। युवतियों के जो वीडियो सामने आए हैं, उनमें वे नशे में गाली-गलौज और पथराव करते हुए दिखाई दे रही हैं।**

जब एक युवक ने सड़क पर लड़खड़ाते हुई चल रहीं इन युवतियों का वीडियो शूट किया, तो वे उसके पीछे पत्थर लेकर दौड़ पड़ीं। उसे गालियां देने लगीं। हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन युवतियां पुलिस जवानों से भी काबू नहीं हो रही थीं। महिला पुलिस बुलाकर तीनों युवतियों को थाने ले जाया गया।

पता चला है कि तीन में से दो युवतियां हॉकी प्लेयर हैं और पास की ही पॉश कॉलोनी में किराए पर रहती हैं। उरद्व विजय भदौरिया ने बताया, आज सुबह युवतियों ने थाने में आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि उनमें से एक युवती की तबीयत खराब थी। वे अपोलो हॉस्पिटल के लिए रवाना हुईं, तभी रास्ते में युवकों ने उनके साथ छेड़छाड़ की।

## पुलिस अफसरों के नाम लेकर गालियां दीं

शहर के पड़ाव-फूलबाग स्थित रवि नगर सेवा नगर रोड से आगे सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात तीन युवतियां जा रही थीं। इसी समय एक युवक ने उनका वीडियो बनाना शुरू कर दिया। यह देख युवतियां भड़क उठीं। एक युवती पत्थर लेकर लड़के के पीछे भागी। वह गालियां भी दे रही थी। इतना ही नहीं जिस घर की तरफ से युवक निकलकर आया था, वहां भी उन्होंने पत्थर फेंके।

किसी राहगीर ने सड़क पर हो रहे इस हंगामे की खबर पुलिस कंट्रोल रूम को दे दी। जिसके बाद रात्रि गश्त पर निकले पुलिसकर्मी स्पॉट पर पहुंचे, लेकिन वे भी युवतियों को काबू में नहीं कर पाए। युवतियों ने पुलिस से भी अभद्रता की। पुलिस अफसरों के नाम से गालियां दीं। इसके बाद थाने से फोर्स और महिला पुलिस को बुलाया गया और युवतियों को पड़ाव थाना ले जाया गया। आज सुबह तक उनसे पूछताछ हुई। इसके बाद उनसे आवेदन लेकर कार्रवाई की गई। हालांकि, पुलिस ने युवतियों का मेडिकल नहीं कराया।

# कोर्ट में रोती रही पूर्व जेल अधीक्षक की बेटी

## जेल में गबन के पैसे ठिकाने लगाने का आरोप; 250 ग्राम सोना, एक किलो चांदी मिली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** उज्जैन की केंद्रीय भैरवगढ़ जेल में डिपार्टमेंटल प्रोविडेंट फंड गबन कांड में पुलिस ने मुख्य आरोपी पूर्व जेल अधीक्षक उषाराज की बेटी उत्कर्षणी उर्फ पावली (24) को सोमवार को भोपाल से गिरफ्तार किया है। आरोप है कि पावली ने गबन के पैसों को ठिकाने लगाने में मां की मदद की है। उसके पास से करीब 250 ग्राम सोना और एक किलो चांदी मिली है। रात में उसे कोर्ट में पेश किया गया। यहां भाई और मौसी को देखकर वह रोती रही। कोर्ट ने उसे दो दिन की पुलिस रिमांड पर सौंपा है।

## मां की गिरफ्तारी के बाद से थी लापता

चूंकि भैरवगढ़ पुलिस पूर्व जेल अधीक्षक उषा राज से पूछताछ में ज्यादा कुछ उगलवा नहीं पाई थी। उसके लॉकर से 3 किलो सोना, जमीनों के दस्तावेज और नकदी मिले थे। पुलिस को शक था कि उषा राज के रहस्य उसकी बेटी उत्कर्षणी को पता हो सकते हैं। मां की गिरफ्तारी के बाद से ही वह लापता थी। इसके बाद से पुलिस को उसकी तलाश थी।

## कोर्ट परिसर में 3 घंटे सहमी रही

सोमवार को पावली को कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान वह करीब 3 घंटे तक चेहरे पर कपड़ा बांधे चुपचाप सहमी हुई बैठी रही। कोर्ट में उसका भाई और मौसी पहुंचे, तो वो रोने लगी। इस बीच, वह लगातार पुलिसकर्मियों से पूछताछ करती रही कि आगे क्या होगा।

# सर, मेरे अंकल हमारी संपत्ति हड़प रहे

## बालिका फरियाद परकलेक्टर ने एसडीएम को दिए जांच के निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम।** सर मेरे अंकल हमारी पारिवारिक संपत्ति अकेले हड़प रहे हैं। मेरे पिताजी के हिस्से पर भी वे कब्जा कर रहे हैं। यह फरियाद लेकर मंगलवार जनसुनवाई में आई बालिका प्रार्थना जोशी की आंखों में आंसू आ गए। कलेक्टर ने स्नेह के साथ बालिका को हिम्मत बंधाई और डिप्टी कलेक्टर त्रिलोचन गोड को निर्देशित किया कि आज ही प्रकरण की जांच करवा कर मुझे रिपोर्ट करें। कलेक्टर ने बालिका से कहा कि चिंता मत करो निश्चिंत रहो, प्रशासन अन्याय नहीं होने देगा। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ जमुना भिड़े, संयुक्त कलेक्टर अनिल भाना ने भी जनसुनवाई की।

# मृत कुत्ते को बांध कर वाहन से घसीटा, थाने में शिकायत दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** शहर के नीलगंगा क्षेत्र में हैरान कर देने वाला एक सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। फुटेज में महिला व पुरुष अपने दो पहिया वाहन पर बैठ कर जा रहे हैं और उनकी गाड़ी के पीछे एक कुत्ता बंधा हुआ था जो कि कई किमी तक घसीटता चला गया। वीडियो वायरल होने के बाद पशु प्रेमियों ने उक्त महिला व पुरुष के खिलाफ थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

वायरल वीडियो तीन दिन पुराना है,जिसमें एक व्यक्ति लाल रंग का दुपहिया वाहन चला रहा है, पीछे महिला बैठी है, वाहन के पीछे एक सफेद रंग का कुत्ता बंधा हुआ है। जिसके पैर एक रस्सी से बंधे हैं और दूसरा सिरा गाड़ी से बंधा हुआ है। संभवतः कुत्ता मरा हुआ है,जिसे फेंकने के लिए वह वाहन से जा रहे है,लेकिन जिस तरह से कुत्ते को ले जाने का तरीका अपनाया गया वो बेहद क्रूरतापूर्वक है। घटना का वीडियो वायरल होते ही पशु प्रेमियों ने सीसीटीवी फुटेज निकल कर उक्त गाडी के रजिस्ट्रेशन नंबर एमपी 13 एमके 9219 को लेकर एक शिकायत नीलगंगा थाने में दर्ज कराई है। शिकायत में सांदीपनि नगर निवासी मनोहर खत्री का जिक्र करते हुए नम्रता सिंह, संतोष राठौर, जाह्नवी जोशी, नजमा खान, मोनिका माथुर ने पुलिस में शिकायती आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की हैं। इन पर पशु क्रूरता अधिनियम में मामला दर्ज करने की बात कही गई है।

# तुम मुझे 30 दो, मैं तुम्हे विंध्य दूंगा...

## मैहर विधायक नारायण ने बनाई विंध्य जनता पार्टी, 30 सीट पर लड़ेगी चुनाव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सतना। मध्यप्रदेश में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव में विंध्य क्षेत्र के रीवा और शहडोल संभाग की सीटों पर चुनावी मुकाबला बेहद रोचक होगा। इस बार भाजपा, कांग्रेस के मुकाबले एक और नया दल भी होगा। दोनों संभागों की 30 सीटों पर नए दल विंध्य जनता पार्टी यानी वीजेपी के प्रत्याशी भी चुनावी समर में ताल ठोकते नजर आएंगे। विंध्य पुनरोदय और विंध्य प्रदेश के पुनर्गठन की मांग को लेकर आंदोलन चला रहे मैहर विधायक नारायण त्रिपाठी ने अपनी नई पार्टी का ऐलान कर दिया है। यह अटकलें पहले से ही लगाई जा रही थीं कि अपने बागी तेवरों के कारण प्रदेश की राजनीति में हमेशा सुर्खियों में रहने वाले नारायण अपनी पार्टी को विधानसभा चुनाव में उतार सकते हैं, लेकिन अब नारायण ने इन अटकलों पर मुहर लगा दी है।**

मैहर में आयोजित विंध्य प्रीमियर लीग सीजन-2 के समापन समारोह के दौरान मैहर स्टेडियम में रीवा, शहडोल संभाग की 30 सीटों पर वीजेपी प्रत्याशियों के चुनाव लड़ने का ऐलान नारायण ने खुद किया। अब तक सपा, कांग्रेस और भाजपा से चार मर्तबा विधायक निर्वाचित हो चुके नारायण ने नेताजी सुभाष चंद बोस के ह्रतुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा नारे की तर्ज पर विंध्य की जनता से विंध्य पुनरोदय के संघर्ष में सहयोग-समर्थन का आह्वान करते हुए कहा, ह्रतुम मुझे 30 दो मैं तुम्हें 2024 में विंध्य दूंगा।

नारायण के इस ऐलान से सतना ही नहीं प्रदेशभर में सियासी गरमाहट बढ़ गई है। क्योंकि माई के लाल मूवमेंट के बावजूद पिछली बार विंध्य की 30 सीटों में से 27 सीटों पर भाजपा को जीत हासिल हुई थी। अब अगर इस बार नारायण की वीजेपी चुनाव मैदान में उतरी तो इसका सीधा असर बीजेपी के वोटों और रीवा - सतना, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, अनूपपुर और उमरिया जिले में भाजपा के कब्जे वाली सीटों पर पड़ने से इनकार नहीं किया जा सकता।

# हीमोग्लोबीन टेस्ट काउंटर खुलेंगे

## 1 लाख से अधिक महिलाओं का पोर्टल पंजीयन हुआ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शाजापुर।** सीएम शिवराज सिंह चौहान के 12 अप्रैल के प्रस्तावित शाजापुर जिले के शुजालपुर में लाड़ली बहना समारोह में एनीमिया मुक्त भारत की थीम पर आने वाली महिलाओं के हीमोग्लोबीन टेस्ट के लिए प्रत्येक सेक्टर में परीक्षण काउंटर लगाए जायेंगे। इसी तरह प्रत्येक सेक्टर में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना-2023 के लिए महिलाओं के समग्र-आधार ई-केवायसी करने के लिए भी काउंटर लगाए जायेंगे। इन काउंटर्स के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह महिलाओं के बैंक में खाता खोलने के लिए भी पोस्ट आफिस एवं विभिन्न बैंकों द्वारा लगभग 60 काउंटर्स सेक्टर में बनाए जायेंगे। उक्त जानकारी कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा दी गई। कलेक्टर ने महिलाओं से अनुरोध किया है कि बैंक खाता खोलने के लिए वे अपना आधार, समग्र एवं मोबाईल लेकर आएं। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना-2023 के लिए जिले में अब तक 1 लाख 2087 महिलाओं का पोर्टल पर पंजीयन हुआ है। जिले में लगभग 1 लाख 60 हजार से अधिक महिलाओं के पंजीयन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## संपादकीय

### वास्तविक नहीं रहेगा

अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध भी बहुत सारे गीत लिखे गए, जिन्हें सरकार ने जब्त करा लिए, उनके रचनाकारों, गायकों को जेल भेज दिया। इसके लिए बाकायदा कानून बना दिया गया। ब्रिटिश हुकूमत की वह प्रवृत्ति अभी खत्म नहीं हुई है। मगर चिंता की बात है कि एक स्वतंत्र देश में अगर सरकारें इस तरह किसी के रचने, गाने पर अंकुश लगाती रहेंगी, तो फिर सभ्यता और संस्कृति की शक्ल वास्तविक रह ही नहीं जाएगी। यह सरकारों की असहनशीलता का नया प्रमाण है। गायक ने अपना गीत सोशल मीडिया पर डाला था और वह देखते ही देखते काफी लोकप्रिय हो गया। उसी को लेकर गायक के खिलाफ शांति भंग करने की मंशा से जानबूझ कर अपमान करने, समुदायों के बीच वैमनस्य, शत्रुता और दुर्भावनापूर्ण बयान देने और इलेक्ट्रानिक माध्यम पर अश्लील सामग्री परोसने के आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया है। हालांकि अनेक लोगों का कहना है कि इस गाने में ऐसा कुछ भी नहीं है, जिसे आपत्तिजनक कहा जा सके। यह कोई नया मामला नहीं है। इससे पहले महाराष्ट्र में ही एक दूसरे गायक को इसी तरह कानून के शिकंजे में लिया गया था। कुछ ही दिन बीते, जब उत्तर प्रदेश पुलिस ने एक भोजपुरी गायिका को इसी तरह सरकार का अपमान करने के आरोप में नोटिस भेजा था। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर किसी का अपमान करने की मंशा से कुछ भी बोला, लिखा या गाया नहीं जा सकता। मगर इसकी व्याख्या करना कई बार थोड़ा टेढ़ा काम हो जाता है। अगर सरकारें खुद मान लें कि किसी के लिखने, बोलने या गाने से उसे चोट पहुंची है, तो संबंधित व्यक्ति के लिए यह सिद्ध करना कठिन हो जाता है कि वास्तव में उसकी मंशा वह नहीं थी, जैसा सरकार समझ रही है। अब तो सरकारों में यह प्रवृत्ति जटिल होती गई लगती है कि वे अपने विरुद्ध किसी भी तरह की अभिव्यक्ति को सहन नहीं कर पातीं। पश्चिम बंगाल में पुलिस ने एक व्यंग्य चित्रकार को इसलिए गिरफ्तार कर लिया था कि उसने ममता बनर्जी सरकार पर तल्ख टिप्पणी करते हुए चित्र बनाए थे। केंद्र सरकार पर भी अनेक लोगों को इसलिए जेल भेजने के आरोप लगते रहे हैं कि उन्होंने उसकी नीतियों पर अंगुली उठाते हुए टिप्पणियां की थीं। महाराष्ट्र का मामला ऐसे समय में सामने आया है, जब पिछले ही हफ्ते सर्वोच्च न्यायालय ने सख्त टिप्पणी की थी कि सरकारें अगर अपने विरुद्ध टिप्पणियां बर्दाश्त नहीं करतीं, तो इसका अर्थ यही होता है कि वे चाहती हैं कि सिर्फ उनकी तारीफ में लिखा-बोला जाए। इतिहास गवाह है कि राजशाही के वक्त भी लोकगायक राजाओं की अनीतियों के खिलाफ गीत रचते और गाते थे।

## ज्ञान-विज्ञान

# अभी इंसानों की आबादी है 800 करोड़, सदी के अंत तक घटकर 600 हो जाएगी

**चौंकाने वाली स्टडी**



आबादी बढ़ाने में इंसान एक्सपर्ट है. 125 साल लगे थे इंसानों को 100 से 200 करोड़ होने में. पिछले साल 15 नवंबर को धरती पर हम होमो सेपियंस की आबादी 800 करोड़ हो गई. लेकिन 700 से 800 करोड़ होने में मात्र 12 साल लगे. लेकिन अब 2050 तक 900 करोड़ होने में 27 साल लग रहे हैं. यानी इंसानों की प्रजनन क्षमता कम हो रही है. इसकी वजह भी है. वह भी बेहद जरूरी. क्योंकि भविष्य में जिस चीज के लिए तरसेंगे वो है साफ-सुथरी हवा.

UN DESA की वर्ल्ड पॉपुलेशन प्रॉसपेक्ट्स 2022 की रिपोर्ट में कहा गया था कि 900 करोड़ की आबादी साल 2037 में हो जाएगी. 2058 तक तो 1000 करोड़ पार कर जाएगी. लेकिन ऐसा होता दिख नहीं रहा है. इंसानों की बढ़ती आबादी के अपने फायदे और नुकसान हैं. जैसे कम आबादी को कम ऊर्जा की जरुरत होती है.

ज्यादा आबादी होने पर ऊर्जा और संसाधनों का इस्तेमाल भी ज्यादा होता है. आर्थिक असंतुलन बनता है. भविष्य में ऐसी नीतियां बनानी पड़ेगी, जिससे बढ़ती आबादी को समाज, आर्थिक स्थिति और पर्यावरण के हिसाब से फायदा हो. यहां जिस स्टडी की बात हो रही है, वो काफी गहन तरीके से की गई है. इसमें बताया गया है कि कैसे पूरी दुनिया के 10 फीसदी रईस लोग ज्यादा खपत करते हैं. इनकी वजह से पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है. भुगतता है आम इंसान.

### कई देशों की आबादी अपने उच्चतम स्तर पर

Earth4All के मॉडलर और साइंटिस्ट जोर्जेन रैंडर्स ने कहा कि इंसानों की सबसे बड़ी लग्जरी कार्बन और बायोस्फेयर की खपत करना है. न कि उनकी आबादी है. जहां भी आबादी तेजी से बढ़ रही है, वहां पर पर्यावरणीय फुटप्रिंट्स प्रति व्यक्ति बेहद कम है. ऐसी जगहें जहां आबादी कई दशक पहले अपने उच्चतम स्तर पर चल रही हैं.

### अफ्रीका में तेजी से बढ़ी है आबादी की दर

इस नई स्टडी में दस देश चुने गए हैं. ये चीन से लेकर अमेरिका और अफ्रीका के सब-सहारन देश हैं. इस समय अफ्रीकी देश जैसे- अंगोला, नाइगर, कॉन्गो और नाइजीरिया में आबादी बढ़ने की दर सबसे ज्यादा है. एशियाई देशों में सबसे ज्यादा दर अफगानिस्तान में है. वैज्ञानिकों ने इस सदी में आने वाली दो स्थितियों पर ध्यान दिया.

### सदी के अंत तक 600 से 760 करोड़ हो जाएगी आबादी

पहली ये कि टू लिटिल टू लेट (Too Little Too Late). दुनिया 1980 से बहुत बदल चुकी है. जन्मदर, बचत, उधारी का स्तर, टैक्स रेट, इनकम मॉडल सब बदल गया है. इसकी गणना के अनुसार इस सदी के बीच तक धरती पर इंसानों की आबादी 880 करोड़ जहो जाए. लेकिन बाद में यह 2100 तक घटकर 730 करोड़ हो जाएगी. इसकी वजह है वैश्विक असंतुलन, इकोलॉजिकल फुटप्रिंट, वाइल्डलाइफ का विलुप्त होना आगे चलकर आर्थिक स्थिति और आबादी को बर्बाद करेगा. सबसे अच्छी स्थिति जो मानी जा रही है, वो है जायंट लीप (Giant Leap). यानी 2040 तक इंसानों की संख्या 850 करोड़ हो जाएगी. लेकिन सदी के अंत तक यह घटकर 600 करोड़ हो जाएगी. कुल मिलाकर आबादी कम होने की सबसे बड़ी वजह है आर्थिक असंतुलन और जलवायु परिवर्तन होगा.

### UN DESA की रिपोर्ट में क्या दावा किया था?

इंसानों की आबादी के बढ़ने की दर पिछले कुछ दशकों से गिरी है. लेकिन इसके बावजूद 2037 तक हमारी आबादी 900 करोड़ और 2058 तक 1000 करोड़ हो जाएगी. यह अनुमान UN DESA की वर्ल्ड पॉपुलेशन प्रॉसपेक्ट्स 2022 की रिपोर्ट में लगाया गया है. रॉकफेलर यूनवर्सिटी की लेबोरेटरी ऑफ पॉपुलेशन के जोएल कोहेन कहते हैं कि क्या मैं धरती पर अतिरिक्त हूं? धरती हम इंसानों का बोझ कैसे सहेगी. इसके दो पक्ष हैं- पहला प्राकृतिक सीमाएं और इंसानों के पास मौजूद विकल्प.

### इंसान की फितरत- लालच और बेवकूफी पूर्ण हरकतें

जोएल कहते हैं कि इंसानों की फितरत में बेवकूफीपूर्ण हरकतें करने और लालच की बुरी आदत है. ज्यादा ईंधन के लिए जीवाश्म ईंधन का दुरुपयोग होगा. नतीजा ये कि कार्बन डाईऑक्साइड का उत्सर्जन ज्यादा होगा. इसकी वजह से धरती पर ग्लोबल वॉर्मिंग बढ़ेगी. ग्लेशियर पिघलेंगे. समुद्र का जलस्तर बढ़ेगा. जमीन समुद्र में समाएगी. मौसम बदलेगा. गर्मी ज्यादा पड़ेगी. बेमौसम बारिश होगी. सर्दियां छोटी या लंबी हो सकती है.

### बढ़ती आबादी के हिसाब से इंसानों को चाहिए 1.75 धरती

WWF और ग्लोबल फुटप्रिंट नेटवर्क के मुताबिक जिस गति से इंसानों की आबादी बढ़ रही है, उस हिसाब से हमारी धरती कम पड़ जाएगी. इंसानों की जरुरतों को पूरा करने के लिए 1.75 धरती और चाहिए. यानी जितनी अभी है उसमें 75 फीसदी की और बढ़ोतरी होनी चाहिए. अब ऐसा तो हो नहीं सकता.

### सबसे ज्यादा आबादी इन 8 देशों में बढ़ेगी, रोकना मुश्किल

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक साल 2050 तक दुनिया के जिन आठ देशों में सबसे तेजी से आबादी बढ़ेगी, वो हैं- कॉन्गो, मिस्त्र, इथियोपिया, भारत, नाइजीरिया, पाकिस्तान, फिलिपींस और तंजानिया. 2050 तक जो भी जनसंख्या बढ़ रही है, उसमें आधे से ज्यादा योगदान अफ्रीका के सब-सहारन देशों का रहेगा.

## Highlights

1. IAF officer found guilty of shooting down Mi-17 helicopter after 2019 Balakot strikes
2. Tejashwi Yadav questioned for over 8 hrs in land-for-jobs case
3. King Charles 'stopped taking Prince Harry's calls' after he 'swore at him', claims book
4. 100 people including children killed in air strike by Myanmar military
5. Was getting bad roles in films so switched to writing: Chitrangda
6. Man Utd to accept 3rd round bids for sale by end of April: Reports
7. Spain asks EU watchdog to review concerns regarding ChatGPT

# Who is 99-year-old Keshub, India's oldest billionaire and Anand Mahindra's uncle

**MUMBAI, (Agency).** Keshub Mahindra, 99, is India's oldest billionaire, as per the recently published Forbes list of the world's wealthiest. The chairman emeritus of Mahindra & Mahindra group figures among the 169 other Indian billionaires who made it to the world's richest list in 2023. With a net worth of $1.2 billion, Keshub had earlier lost his place on the coveted list.

Notably, the world's oldest billionaire is 101-year-old insurance magnate George Joseph with a net worth of $1.3 billion. The 2023 list was 150 new faces, including Zerodha founder brothers Nithin and Nikhil Kamath.

### Who is Keshub Mahindra:

Born on October 9, 1923 in Shimla, Keshub completed his graduation from Wharton at the University of Pennsylvania, USA. Co-founded by Keshub's father J C Mahindra in 1945, he joined the Mahindra company in 1947 and assumed the chairman role in 1963. He transformed the company



from an assembler of Willys jeeps in India to a diversified conglomerate.

Keshub, who retired in 2012 after heading the Mahindra Group for 48 years, is Anand Mahindra's uncle. Anand, whose net worth is $2 billion, is now leading the company.

A renowned philanthropist, Keshub is known to have had a close association with KC Mahindra Education Trust, which grants scholarships across categories.

The Centre had chosen Keshub to be part of several committees including the Sachar Commission on Company Law & MRTP and the Central Advisory Council of Industries. From 2004 to 2010, the billionaire served as a member of the Prime Minister's Council on Trade & Industry in New Delhi. Various boards in both the private and public domain, including SAIL, Tata Steel, Tata Chemicals, Indian Hotels, IFC, and ICICI have also seen Keshub's participation.

According to the company's website, Apex Advisory Council of ASSOCHAM member and the President Emeritus of the Employers' Federation of India are among the other key positions held by Keshub. Keshub also founded HUDCO (Housing and Urban Development Corporation Limited); was the vice chairman of Housing Development Finance Corporation Ltd.; chairman of Mahindra Ugine Steel Co. Ltd.; director of Bombay Dyeing & Manufacturing Co. Ltd.; and director of Bombay Burmah Trading Corporation Limited.

He received the Chevalier de l'Ordre National de la Legion d'honneur from the French government for his contributions to the industry.

# Twitter's former CEO Parag Agrawal sues Elon Musk over $1 million legal bill

**NEW DElHI, (Agency).** Three top Twitter executives who were sacked by Elon Musk last year when he took over the social media company filed suit on Monday, seeking to be reimbursed for costs of litigation, investigations and congressional inquiries related to their former jobs.

Ex-CEO Parag Agrawal, along with the company's former chief legal and financial officers, claim in the suit that they are owed a total of more than $1 million, and that Twitter is legally bound to pay them.

Twitter responded to an AFP request for comment



with a poop emoji, as has become its practice.

The court filing outlined numerous expenses related to inquiries by the US Securities and Exchange Commission (SEC) and the Department of Justice (DOJ), but does not include details on the nature of the investigations or whether they are still ongoing.

Agrawal and then-chief financial officer Ned Segal provided testimony to the SEC last year and "have continued to engage with federal authorities," according to court documents.

The SEC is investigating whether Musk complied with securities rules when he amassed Twitter shares.

Former Twitter chief legal officer Vijaya Gadde was called on to take part in a US congressional hearing about big tech and free speech following Musk's release late last year of so-called "Twitter Files" related to the site's content moderation.

## Greater Noida

# दो लाख के लिए मासूम का अपहरण, पकड़े जाने के डर से मार डाला, बताया क्यों शव को खूंटी पर टांगा?

**ग्रेटर नोएडा, (एजेंसी)** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र के देवला गांव में पड़ोसी राघवेंद्र ने दो वर्षीय मानसी को दो लाख रुपये की फिरौती के लिए अगवा किया और पकड़े जाने के डर से हत्या कर दी। पुलिस ने बलिया निवासी आरोपी राघवेंद्र को गिरफ्तार कर मंगलवार को वारदात का खुलासा किया।

आरोपी ने नौ अप्रैल को बच्ची को अगवा करने के बाद मुंह बंदकर आटे के ड्रम में बंद कर दिया था, लेकिन वह किसी तरह ड्रम से बाहर निकलकर रोने लगी। इस दौरान बच्ची के पिता शिवकुमार, परिजन और कंपनी के कर्मचारी घर के आसपास मानसी को तलाश रहे थे। पकड़े जाने के डर से राघवेंद्र ने शाम लगभग 6:30 बजे शॉल से मुंह दबाकर बच्ची की हत्या कर दी। शव ठिकाने लगाने के इरादे से पिट्ठू बैग में दरवाजे के



पीछे खूंटी पर टांग दिया था। पुलिस ने नौ अप्रैल को पड़ोसी राघवेंद्र के कमरे से पिट्ठू बैग में टंगे मानसी के शव को बरामद कर लिया था। सोमवार को पुलिस ने आरोपी को गाजियाबाद रेलवे स्टेशन प्रीपेड टैक्सी बूथ के पास से गिरफ्तार किया है। राघवेंद्र के घर की ओर चीटियां जाता देख लोगों को शक हुआ था। बैग में टंगे बच्ची के शव से निकल रहे खून पर चीटियां जा रही थीं। ऐसे लोगों ने इस बारे में पूछा तो आरोपी ने बताया कि कि उसके कमरे कोई चूहा मर गया होगा। इसके बाद आरोपी भेद खुलने की आशंका से भाग गया। राघवेंद्र का चाचा लुधियाना में जबकि भाई जैसलमेर में काम करता है। आरोपी भाई या पिता के पास जाने के लिए गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर पहुंचा था। पुलिस ने बताया कि आरोपी परिजन के साथ रहकर मानसी को तलाशने में मदद का नाटक कर रहा था। वह यह भी निगरानी कर रहा था कि पुलिस क्या कार्रवाई कर रही है। आरोपी यह पता लगाने के लिए अपहरण के अगले दिन सूरजपुर कोतवाली पहुंच गया था कि पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है या नहीं।

## Uttarakhand

# बदरीनाथ-गंगोत्री वाले जिलों में लगातार दूसरे दिन मिले कोरोना पॉजिटिव, उत्तराखंड चार धाम यात्रा रूट कोविड केसों से चिंता

**देहरादून, (एजेंसी)** उत्तराखंड में कोरोना संक्रमण बढ़ने का सिलसिला जारी है। चिंता की बात है कि बदरीनाथ-गंगोत्री सहित चार धाम यात्रा रूट मंगलवार 11 अप्रैल को लगातार दूसरे दिने कोरोना पॉजिटिव केस मिले हैं। उत्तराखंड चार धाम-2023 पर यूपी, दिल्ली-NCR, एमपी सहित देश-विदेश से आने वाले तीर्थ यात्रियों को भी सतर्क रहने जरूरत है।



चार धाम यात्रा रूट पर कोरोना केसों मिलने के बाद सरकार ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। चार धाम यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों से अपील की गई है कि वह कोविड गाइडलाइन का अवश्य पालन करें। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मंगलवार को जारी हेल्थ बुलेटिन में कोरोना केसों में इजाफा हुआ है। उत्तराखंड में काफी दिनों के अंतराल के बाद प्रदेशभर में 108 नए पॉजिटिव मिले हैं। राज्य में एक्टिव मरीजों की संख्या 197 पहुंच गई है। लेकिन, राहत की यह भी है कि 56 मरीजों को इलाज के बाद डिस्चार्ज किए गए। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार मंगलवार को देहरादून में सबसे अधिक 62 नए मरीज मिले हैं।

## Uttarpradesh

# यूपी पुलिस ने किया एनकाउंटर, ढाई लाख का इनामी शूटर ढेर, दर्ज थे 45 मुकदमे

**बिजनौर, (एजेंसी)** बिजनौर पुलिस ने ढाई लाख के इनामी बदमाश का एनकाउंटर कर दिया. इस मुठभेड़ में पुलिस के पांच जवान भी जख्मी हुए हैं. सभी का अस्पताल में इलाज चल रहा है. कुख्यात बदमाश आदित्य राणा की कई महीनों से पुलिस को तलाश थी. उस पर बिजनौर-मुरादाबाद-संभल जनपदों में 45 मुकदमे दर्ज थे. करीब आठ महीने पहले वह चकमा देकर पुलिस की गिरफ्त से भाग गया था. दरअसल, बिजनौर पुलिस ने 8 माह पूर्व बिजनौर कोर्ट से पेशी के बाद लखनऊ जाते समय शाहजहांपुर में पुलिस कस्टडी से फरार हुए ढाई लाख के कुख्यात इनामी बदमाश आदित्य राणा को मुठभेड़ में मार गिराया. इस दौरान 5 पुलिसकर्मी भी जख्मी हुए हैं. बिजनौर एसपी नीरज कुमार जादौन ने बताया कि मंगलवार देर रात सूचना मिली थी कि बिजनौर के गांव राणा नंगला का रहने वाला आदित्य राणा स्योहारा थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी बुढ़नपुर क्षेत्र में छुपा हुआ है. वह भागने की फिराक में है. इस सूचना के बाद पुलिस ने घेराबंदी करते हुए उसको घेर लिया. खुद को पुलिस से घिरा हुआ पाए जाने पर उसने साथियों के साथ मिलकर पुलिस टीम फायरिंग करना शुरू कर दिया. जवाबी कार्रवाई में पुलिस टीम ने भी फायर किए.

## Bihar

# पटना में मेघालय के दो पादरियों को भीड़ ने घेरकर पीटा, हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं पर आरोप

**पटना, (एजेंसी)** बिहार की राजधानी पटना में चर्च के दो पादरियों पर हमले का मामले सामने आया है। आलमगंज थाना इलाके में मेघालय के दो ईसाई पादरी पर 'हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं' ने कथित तौर पर जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक दोनों पादरी एक घर में खाना खाने के लिए गए थे। तभी लोगों ने उन्हें घेर लिया और उनके साथ मारपीट करने लगे। पादरियों की पिटाई करने वालों में महिलाएं भी शामिल हैं।

पटना के एसएसपी राजीव मिश्रा ने कहा कि सूचना मिलने पर पुलिस की एक



टीम मौके पर पहुंची और पादरियों को सुरक्षा के साथ थाने लेकर आई। पुलिस ने उनसे बदमाशों की पहचान करने को कहा लेकिन वे पहचान नहीं सके। वे मेघालय की प्रेस्बिटेरियन चर्च के पादरी हैं। दोनों इतने डर गए कि उन्होंने बिना कोई शिकायत दर्ज कराए अपने राज्य जाने की अपील की।

एसएसपी का कहना है कि पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और अपराधियों की पहचान करने की कोशिश की। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मेघालय पुलिस ने भी उनसे संपर्क किया और उन्हें सुरक्षा प्रदान करने का आग्रह किया। पटना पुलिस दोनों पादरियों को सुरक्षा के साथ गंतव्य तक पहुंचाएगी।

## खेल

# आखिरी गेंद पर जीत के बाद गौतम गंभीर ने RCB के फैंस को किया 'खामोश', वायरल हुआ लखनऊके मेंटर का अंदाज

**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जाएंट्स ने आईपीएल के 15वें मैच में सोमवार (10 अप्रैल) को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ रोमांचक जीत हासिल की। उसने आरसीबी को उसके होमग्राउंड एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आखिरी गेंद पर एक विकेट से हरा दिया। इस जीत के बाद टीम के मेंटर गौतम गंभीर का चिर-परिचित अंदाज सामने आया। गंभीर ने इशारों-इशारों में आरसीबी के फैंस को खामोश रहने के लिए कहा।

मैच में लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दो विकेट पर 212 रन बनाए थे। लखनऊ को आखिरी ओवर में जीत के लिए पांच रन बनाने थे। टीम के सात विकेट गिर चुके थे। गेंदबाजी के लिए आरसीबी के हर्षल पटेल आए तो सामने जयदेव उनादकट और मार्क वुड थे। ऐसा लग रहा था कि तीन विकेट हाथ में रहने के कारण लखनऊ की टीम आसानी से मैच जीत जाएगी।

हर्षल की पहली गेंद पर उनादकट ने एक रन लिया। दूसरी गेंद पर मार्क वुड क्लीन बोल्ड हो गए। तीसरी गेंद पर रवि बिश्नोई ने दो रन ले लिए। चौथी गेंद पर उन्होंने एक रन लेकर मैच को टाई कर दिया। लखनऊ को दो गेंद पर एक रन चाहिए थे और उसके पास



दो विकेट थे। हर्षल ने पांचवीं गेंद पर जयदेव उनादकट को कप्तान फाफ डुप्लेसिस के हाथों कैच करा दिया। अब एक गेंद पर एक रन की आवश्यकता थी। अगर रन नहीं बनते या विकेट गिर जाते तो मुकाबला टाई हो जाता है। ऐसे में सुपर ओवर से मैच का फैसला होता। हर्षल की गेंद को आवेश खान नहीं खेल पाए, लेकिन उन्होंने किसी तरह एक रन पूरा कर कर लिया। लखनऊ को बाई के रूप में एक रन मिला और उसने मैच को एक विकेट से अपने नाम कर लिया।

लखनऊ की टीम के जीतने पर उसके सभी खिलाड़ी डगआउट से मैदान की ओर दौड़ पड़े। आवेश खान और रवि बिश्नोई ने जमकर जश्न मनाया। इसके बाद जब दोनों टीमों के खिलाड़ी और स्टाफ एक-दूसरे से हाथ मिला रहे थे तो गंभीर के सामने कोहली पड़े। उन्होंने विराट को कुछ कहा और फिर आरसीबी के फैंस की ओर देखने लगे। उन्होंने अपने मुंह पर एक अंगुली रखकर आरसीबी के फैंस को खामोश रहने का इशारा किया। गंभीर का यह अंदाज सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

## सिनेमा

# खौफ में है जेल में बंद समर सिंह, वीडियो कॉल के जरिए सुनवाई की लगाई गुहार



भोजपुरी एक्ट्रेस आकांक्षा दुबे मौत मामले में सिंगर समर सिंह वाराणसी की जेल में बंद है. खबर है कि समर को कोर्ट ने वीडियो कॉल के जरिए पेश होने की इजाजत दे दी है. सिंगर ने अर्जी लगाई थी कि उन्हें जेल से निकलने में डर लग रहा है, इसलिए उन्हें सुनवाई के लिए कोर्ट आने को ना कहा जाए.

समर को वाराणसी पुलिस ने रिमांड पर लिया है. सोमवार को पुलिस रिमांड पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सिंगर को तलब किया था. अपने प्रार्थना पत्र में समर ने न्यायालय से लगाई गुहार की पहली तारीख पर पेशी के दौरान काफी हंगामा हुआ था, जिससे उसे अब डर सता रहा है. उसे डर है कि कहीं कोई अनहोनी ना हो जाए. वो फिलहाल जेल से बाहर कोर्ट के लिए आना-जाना नहीं चाहता है.

समर के खौफ को मद्देनजर रखते हुए, कोर्ट ने उन्हें गुहार को मंजूर किया. सुनवाई के लिए समर को कोर्ट ना आना पड़े, इसलिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जेल से ही पेशी कराने की इजाजत दे दी है. वाराणसी के सिविल जज जूनियर डिविजन द्रुतगामी सौरभी पाठक की अदालत ने 2:15 को वीसी के जरिए समर सिंह को पेशी की दी अनुमति दी है.

# वाहनों को स्क्रैप में खरीदने का टेंडर दिखा 1.50 करोड़ ठगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मिलेट्री के वाहनों का सौदा करने के नाम पर इंदौर के एक स्क्रैप कारोबारी से डेढ़ करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। एसीपी जूनी इंदौर दिशेष अग्रवाल ने बताया कि ठगी दिनेश माहेश्वरी निवासी मैकेनिक नगर के साथ हुई। इनकी रिपोर्ट पर खुर्शीद पिता अब्दुल हनीफ अंसारी, मुनज्जा अंसारी और अब्दुल सोहराब अंसारी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। आरोपी सोहराब मूल रूप से यूपी का रहने वाला है। दिनेश माहेश्वरी ने बताया उनका ए.एम.ट्रेडर्स नाम से स्क्रैप का व्यापार है।

15 साल से उनके सोहराब अंसारी से व्यापारिक संबंध हैं। ऑफिस आए सोहराब ने बताया खुर्शीद अंसारी उसका भतीजा है। इसकी फ्लोरेस्ट फूड प्रोडक्ट प्रा. लि. नाम से फर्म है। ये झांसी कैंट में टेंडर लेने का काम करता है। वह बोला कि आर्मी कैंट झांसी से 185 वाहनों का टेंडर उसे मिला है, जिसमें वाहनों के स्क्रैप का क्रय-विक्रय उसे करना है। इसमें करीब 100 ट्रक, 50 जिप्सी और 35 पुरानी बाइक नीलामी की हैं। झांसी की एक बटालियन के और मेजर आर.एस. कपूर की सील लगे कुछ फर्जी दस्तावेज दिखाए। फिर भतीजे की फर्म के साथ पार्टनरशिप का बोलकर 10 लाख रुपए एडवांस ले लिए। बाद में फर्जी टेंडर पर 185 वाहनों के स्क्रैप का काम करने का बोलकर अलग-अलग कुल 1 करोड़ 50 लाख रुपए ले गया। बाद में पता चला सब फर्जीवाड़ा था।

# बामनिया कुंड में डूबने से युवक की मौत

## दोस्तों के साथ घूमने आया था शख्स

**इंदौर।** महू के बडगोंदा थाना क्षेत्र में आने वाले पर्यटक स्थल बामनिया कुंड में हादसा हो गया। हादसे में कुंड में युवक की डूबने से मौत हो गई। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची। बड़ी मुश्किल से युवक के शव को कुंड से बाहर निकालकर सिविल अस्पताल ले जाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि युवक और उसके अन्य दो दोस्त बामणिया कुंड घूमने आए थे। इस दौरान युवक कुंड में नहाने चले गए, जिसके चलते इंदौर के एक युवक की डूबने से मौत हो गई। युवक अभी अज्ञात है। पुलिस युवक की शिनाख्त में लगी हुई है।

## ट्रक लूट में आरोपी पकड़ाया

इंदौर। तेजाजीनगर पुलिस ने चालक राजकुमार पांचाल को बंधक बनाकर ट्रक लूटने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। टीआइ आरडी कानवा के मुताबिक पुलिस ने शुक्रवार को दो आरोपी प्रेमसिंह उर्फ दरबार,भय्यू उर्फ राजेश को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में बता चला गिरोह में मोहसीन शेख निवासी समर्थ कालोनी धुले भी शामिल था। उसने आरोपियों से 90 हजार रुपये में ट्रक खरीदा था।

# फैक्ट्री के कामगारों को सायबर अपराध से बचाव के प्रति किया जागरूक

## टीम ने पहुंचकर दी समझाइश, महिला अपराध से बचाव और हेल्पलाइन की जानकारी भी दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में आमजन को सायबर अपराध से बचाने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है। वहीं महिला अपराधों से बचाव के लिए भी जानकारी दी जा रही है। इसके चलते पुलिस की टीम मंगलवार को नेमावर रोड स्थित फैक्ट्री में पहुंची। यहां काम करने वाले कामगारों को सायबर अपराध के साथ ही महिला अपराधों के प्रति जागरूक किया गया।**

मंगलवार को पुलिस की ट्रेनिंग एंव अवेयरनेस टीम उद्योग नगर नेमावर रोड स्थित नायरा कंफेक्शनरी में पहुंची। पुलिस टीम ने उक्त फैक्ट्री में काम करने वाले महिला एवं पुरुष कर्मचारियों को वर्तमान समय के साइबर अपराधों के प्रकारों, इनके करने के तरीके तथा इनसे किस प्रकार बचा जाए आदि के संबंध में विस्तृत रूप से बताया और सोशल मीडिया के सावधानीपूर्वक उपयोग करने और अपनी निजी जानकारी किसी भी अनजान व्यक्ति से शेयर ना करने के संबंध में समझाइश दी। महिला अपराधों के बारे में जानकारी देते हुए इंदौर पुलिस की विभिन्न हेल्पलाईन न बरों के बारें में भी कराया अवगत। इसके साथ ही टीम उद्योग नगर नेमावर रोड स्थित एक और फैक्ट्री कंफेक्शनरी में भी पहुंचकर, वहां के कामगारों को साइबर अपराधों के बारें में बताने के साथ ही सभी को नशे व मादक पदार्थो के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में भी जानकारी देकर नशे की लत से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया।

ग्रामीण जोन के आईजी पहुंचे महू

# हेलीपैड और जन्मभूमि का किया दौरा, अनुयायियों की सुरक्षा को लेकर दिए निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महू में आंबेडकर जन्मभूमि स्मारक पर मंगलवार को पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने अंबेडकर जयंती महोत्सव के तहत जन्मभूमि और हेलीपैड का दौरा किया। मंगलवार को इंदौर ग्रामीण जोन के आईजी राकेश गुप्ता, डीआईजी चंद्रशेखर सोलंकी, ग्रामीण एसपी हितीका वासल, महू एडिशनल एसपी शशिकांत कनकने बाबा साहब अंबेडकर की जन्मस्थली पहुंचे, यहां पर अधिकारियों ने अनुयायियों के आने की व्यवस्था का जायजा लिया। इसके साथ ही जयंती पर्व पर यहां आने वाले वीआईपी दर्शनार्थियों के लिए भी जानकारी ली गई।**

14 अप्रैल को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के साथ ही कई वीआईपी बाबा साहब को नमन करने महू आएंगे। साथ ही अधिकारियों ने तेली खेड़ा में स्थित हेलीपैड पहुंचकर हेलीपैड की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। महाराष्ट्र से आने वाले अनुयायियों की ठहरने की व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की। 14 अप्रैल को होने वाले इस समारोह में बड़ी संख्या में महाराष्ट्र और आसपास के अनुयायी अंबेडकर स्मारक पहुंचते हैं। उनकी सुविधा के लिए प्रदेश सरकार पूरी व्यवस्था करती है। तीन दिन पहले से आने लगते है। महाराष्ट्र के अनुयायी अंबेडकर जयंती के 3 दिन पहले से ही महाराष्ट्र के अकोला, जलगांव, धुलिया, मालेगांव, शिर्डी और नासिक से बड़ी संख्या में अनुयायी महू आते हैं। उनके ठहरने और खाने की व्यवस्था मध्य प्रदेश सरकार करती है। जिसको लेकर अब स्थानीय प्रशासन ने भी अपनी तैयारी जोरो पर शुरू कर दी है। जिससे आने वाले अनुयायियों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो।

# आईपीएल का सट्टा खेलते धरपकड़

● क्राइम ब्रांच की कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। क्राइम ब्रांच ने मंगलवार रात दिल्ली और मुंबई इंडियंस के बीच चल रहे आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा लगाते बड़े बुकी को पकड़ा है। आरोपी का नाम शहर के साथ प्रदेश के बड़े सटोरियों में शामिल है। उसे पकडने के लिए मल्हारगंज इलाके में क्राइम ब्रांच ने दबिश दी थी।**

क्राइम ब्रांच की टीम को जानकारी मिली थी कि मल्हारगंज इलाके में रहने वाला कुख्यात सट्टे के कारोबार में लिप्त वीरेन्द्र उर्फ गोलू सेठी आईपीएल मैच के दौरान बुकींग कर रहा है। क्राइम ब्रांच के अफसरों ने मुखबिरों को सक्रिय किया। यहां टीम ने दबिश देकर सेठी को दबोच लिया। आरोपी के पास से पुलिस को 8 मोबाइल, 2 लैपटॉप, 1 टैबलेट और करोड़ों का हिसाब-किताब मिला है। सेठी मुंबई और महू के सटोरियों से सीधे संपर्क में था। अभी उसके रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं।

## क्राइम ब्रांच की सीजन में दूसरी कारवाई

क्राइम ब्रांच की आईपीएल सीजन में दूसरी कार्रवाई है। करीब एक सप्ताह पहले एरोड्रम इलाके से चार नामी सटोरियों को पकड़ा गया था। आरोपियों के पास से मोबाइल, लैपटॉप और एलईडी के साथ लाखों का हिसाब-किताब मिला था। उन्होंने आष्टा में रहने वाले एक व्यक्ति का नाम पूछताछ में बताया था। जिससे वे मैच की बुकिंग करते थे। क्राइम ब्रांच ने जांच एरोड्रम पुलिस को सौंपी थी।

# आवास बनाने 2 करोड़ से अधिक राशि जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के 227 बीएलसी हितग्राहियों को 2 करोड़ 27 लाख रुपए की राशि जारी की गई। हितग्राहियों को दूसरी किश्त के लिए यह राशि जारी की गई है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में स्वीकृत लगभग 9.50 लाख आवासों में से 6 लाख से अधिक हितग्राहियों के आवास पूर्ण हो चुके है तथा शेष आवासों का कार्य जारी है।

sponcership




Detective Group Report
SUBSCRIBE

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।

◆ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ◆*संपादक - पुष्पेंद्र पुष्प, ◆ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ◆ समूह PRO - एल.एन. उग्र ◆ फोन : 0731-2433676, मो.नं. 91111-56060 Website : www.dgr.co.in *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।